हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, शनिवार 2 अगस्त 2025

[ खरसिया | सारंगढ़ | घरघोड़ा | धरमजयगढ़ | पुसौर | बरमकेला | लैलूंगा | तमनार ]

तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

4 फाटक नंबर 313 पर जनता का आक्रोश काम शुरू नहीं तो सड़क पर उतरेंगे



## खबर संक्षेप

### हंडी चौक में 5 दिशा से नजर रखेंगे सीसीटीवी कैमरे

**रायगढ़।** शहर की सुरक्षा व्यवस्था को सशक्त करने की दिशा में एक उल्लेखनीय कदम उठाते हुएए लॉयंस क्लब रायगढ़ प्राइड द्वारा हंडी चौक क्षेत्र में पांच हाई क्वालिटी सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इस कार्य को क्लब की अध्यक्ष लॉयन पूनम सिंह के मार्गदर्शन में 31 जुलाई को पूरा किया गया। इस पहल को रायगढ़ पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों एसपी दिव्यांग पटेल, सीएसपी अनिल विश्वकर्मा और एएसपी आकाश मरकाम ने भी सराहा और क्लब के सभी सदस्यों को शुभकामनाएं दीं। इन कैमरों को पांच अलग-अलग दिशाओं में लगाया गया हैए जो क्षेत्र मं निगरानी और सुरक्षा को व्यापक बनाएंगे। प्रशासनिक आग्रह पर की गई यह पहल रायगढ़ पुलिस के आग्रह पर की गई, जिसका उद्देश्य हंडी चौक जैसे व्यस्त क्षेत्र में अपराधों पर नियंत्रण पाना और जनता को सुरक्षित वातावरण देना है।

### तलवार लहराने वाला युवक गिरफ्तार

**रायगढ़।** कोतरारोड़ थाना क्षेत्र के ग्राम भगवानपुर तालाब के पास बुधवार शाम उस समय हड़कंप मच गया, जब एक युवक हाथ में धारदार तलवार लेकर सड़क पर खुलेआम लहराने लगा और राहगीरों को डरा.धमकाने लगा। मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए युवक को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ भारतीय शस्त्र अधिनियम की धारा 25, 27 के तहत मामला दर्ज किया गया है। घटना की सूचना थाना प्रभारी निरीक्षक मोहन भारद्वाज को शाम 30 जुलाई को मिली थी। सूचना में बताया गया कि भगवानपुर तालाब के पास एक युवक हथियार लेकर लोगों को डरा रहा है और इलाके में भय का माहौल बना रहा है। इस पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर रवाना हुई। मौके पर पहुंची टीम ने देखा कि युवक सड़क पर तलवार लहराकर भीड़ जुटा चुका था। पुलिस को देखते ही वह भागने का प्रयास करने लगाए लेकिन टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। गिरफ्तार युवक की पहचान रितेश सारथी पिता मंगल सारथी उम्र 22 वर्ष निवासी भगवानपुर अटल आवास के रूप में हुई है।

### पेंशन हितग्राहियों का बायोमेट्रिक अनिवार्य

**रायगढ़।** शासन द्वारा सामाजिक सहायता अंतर्गत संचालित पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों का बायोमेट्रिक वार्षिक सत्यापन अनिवार्य कर दिया गया है। बिना सत्यापन के हितग्राहियों को पेंशन प्राप्त होने में असुविधा हो सकती है। सामाजिक सहायता अंतर्गत संचालित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विद्या पेंशन, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांगजन पेंशन योजना आधार आधारित मोबाइल एप्लिकेशन बेनिफिशरी सत्यापन एप के माध्यम से होगा। हितग्राहियों के बायोमेट्रिक सत्यापन पेंशन शाखा कार्यालय में नीम झाड़ के नीचे बिजली ऑफिस के बगल में सुविधा रखी गई है, जहां पहुंच कर इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विद्या पेंशन, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांगजन पेंशन योजना के हितग्राहियों का बायोमेट्रिक सत्यापन किया जा रह है।

## रायगढ़ रेलवे स्टेशन कायाकल्प योजना के नाम पर मिल रहा है इंतज़ार और अव्यवस्था

# अमृत भारत स्टेशन पर बज रहा डेट पर डेट का अलार्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रायगढ़ रेलवे स्टेशन को आधुनिक स्वरूप देने की योजना भले ही 16 करोड़ रुपये की लागत से तैयार की गई हो, लेकिन ज़मीनी हकीकत योजनाओं से कोसों दूर है। काम की समय-सीमा अक्टूबर 2025 तय की गई है, लेकिन स्थिति ऐसी है कि चार माह क्याए एक साल में भी काम पूरा हो पाना मुश्किल लग रहा है।

रेलवे स्टेशन परिसर में पार्किंग ज़ोन, सामने सौंदर्यीकरण, मिनी गार्डन और स्टेशन के बीचों.बीच ओवरब्रिज निर्माण जैसे काम अधूरे पड़े हैं। ठेकेदार के हवाले काम तो कर दिया गयाए लेकिन मजदूरों की कमी और लापरवाह रवैये के चलते काम कई.कई दिनों तक ठप पड़ा रहता है। स्टेशन के बाहरी हिस्से में जहां गार्डन बनना



थाए वहां सिर्फ मिट्टी का ढेर और कुछ टूटे.फूटे पत्थर नजर आते हैं। पार्किंग एरिया का काम अधूरा है और मौजूदा पार्किंग को भी तोड़ दिया गया, जिससे यात्रियों को वाहन लगाने की भी सुविधा नहीं बची है।

रेलवे अधिकारियों और ठेकेदार का दावा है कि अक्टूबर 2025 तक कार्य पूरा कर लिया जाएगा, लेकिन मौके पर हालात कुछ और ही बयान कर रहे हैं। कई सेक्शन में काम महीनों से बंद पड़ा है। अचानक कुछ दिन काम शुरू होता है, फिर बिना किसी सूचना के रोक दिया जाता है।

### योजना का उद्देश्य अच्छा पर बेहाल है सिस्टम

अमृत भारत स्टेशन योजना का उद्देश्य था कि रायगढ़ जैसे महत्वपूर्ण स्टेशन को यात्रियों के लिए अधिक सुविधाजनक, सुंदर और स्मार्ट बनाया जाए। इस योजना में डिजिटल डिस्प्ले, बैठने की बेहतर व्यवस्था, वॉशरूम सुधार, लाइटिंग और हरियाली बढ़ाने जैसे बिंदु शामिल थे। लेकिन आज की स्थिति यह है कि न डिजाइन नजर आ रहा, न दिशा। पूरा क्षेत्र एक बदहाल स्थिति की दौर से गुजर रहा है। बारिश में तो यहां का नजारा और भी खतरनाक हो जाता है। बाहर सड़कों में कीचड़ और अंदर में सीपेज की समस्या। इस हालत में यात्रियों की मुसीबत बढ़ जाती है।

### सलाहकार समिति की बैठक में भी उठा मुद्दा

हाल ही में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल की उपभोक्ता सलाहकार समिति की बैठक में रायगढ़ रेलवे स्टेशन पर चल रहे निर्माण कार्य की धीमी गति पर सवाल उठाए गए थे। रेलवे अधिकारियों ने सफाई दी कि तेज़ी लाई जा रही है, लेकिन हकीकत यही है कि स्टेशन पर काम की गति कछुआ चाल जैसी बनी हुई है। जिसके कारण काम कब पूर्ण होगा ये फिलहाल कहा नहीं जा सकता।

### अक्टूबर तक डेडलाइन, लेकिन पूरा नहीं होगा काम

ठेकेदार ने काम पूर्णता की डेडलाइन अक्टूबर तक रखी है। अब जबकि काम पूरा करने की डेडलाइन में महज दो महीने बचे हैं, ऐसे में रायगढ़ की जनता पूछ रही है कि जब अभी तक आधे से ज्यादा कार्य प्रारंभ ही नहीं हुएए तो चार माह में चमत्कार कैसे होगा। इस बात को लेकर स्थानीय लोगों में रोष भी है। कहा जा रहा है कि 16 करोड़ के कायाकल्प की बजाय स्टेशन की हालत पहले से बदतर हो गई है।

# नहाते वक्त झरने में डूबा युवक, मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बोतल्दा रॉक गार्डन एक बार फिर दर्दनाक हादसे का गवाह बना। शुक्रवार को रायगढ़ निवासी एक युवक दोस्तों संग पिकनिक मनाने आया था, लेकिन नहाते वक्त झरने की गहराई में समा गया। कुछ देर की खोजबीन के बाद जब युवक का शव पानी से बाहर निकाला गयाए तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

**बोतल्दा रॉक गार्डन में फिर हुआ हादसा**

मृतक की पहचान सचिन कुमार साह पिता हरीश चंद्र साह, निवासी जूटमिल के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि सचिन मूल रूप से बिहार का रहने वाला था और हाल ही में रायगढ़ में अपने जीजा के घर ठहरा हुआ था। बताया गया कि वह अपने दोस्तों के साथ रॉक गार्डन घूमने गया था और झरने में नहाते समय फिसलकर गहराई में चला गया। देखते ही देखते वह आंखों से ओझल हो गया। दोस्तों ने तुरंत खोज शुरू की और कुछ देर बाद शव बाहर निकाला गया। सूचना मिलते ही खरसिया पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत का स्पष्ट कारण सामने आएगा। इस हादसे के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल हैए और लोगों ने मांग की है कि पर्यटकों की सुरक्षा के लिए ठोस और त्वरित कदम उठाए जाएं, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोहराई न जाएं।

### चेतावनी के बावजूद नहीं सुधर रहे पर्यटक

गौरतलब है कि कुछ दिन पहले ही एसपी दिव्यांश पटेल ने झरनों में नहाने के दौरान सुरक्षा बरतने की चेतावनी जारी की थी। बावजूद इसके, पर्यटक लापरवाह रवैया अपनाए हुए हैं। वन विभाग और पुलिस द्वारा बार.बार समझाइश देने के बावजूद ऐसे हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन को अब और सख्त होना होगा। बोतल्दा रॉक गार्डन में सुरक्षा कर्मियों की तैनातीए चेतावनी बोर्ड, लाइफ जैकेट अनिवार्यता जैसे कदम जरूरी हो चुके हैं।

# यूपीएससी प्रीलिम्स पास करने पर कोल इंडिया देगा एक लाख रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कोल इंडिया ने सीएसआर के तहत एक ऐसी योजना शुरू की है जिससे खनन प्रभावित जिलों के युवाओं को लाभ होगा। यूपीएससी प्रीलिम्स क्लीयर करने पर सीआईएल एक लाख रुपए की सहायता देगी। यह योजना उन्हीं जिलों के लिए जहां कोल इंडिया की कोई आनुषंगी कंपनी काम कर रही हो। यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा का प्रीलिम्स पास करने वाले अभ्यर्थियों के लिए भारत सरकार की कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड ने निर्माण स्कीम लॉन्च की है। इस स्कीम के जरिए कंपनी प्रीलिम्स पास करने वाले अभ्यर्थियों को वित्तीय रूप से मदद देगी। संघ लोक सेवा आयोग यूपीएससी द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा में सीआईएल ने अपने खनन वाले जिलों से यूपीएससी सिविल सेवा और वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 में उत्तीर्ण होने वाले अभ्यर्थियों को एक लाख रुपए की वित्तीय सहायता देने का ऐलान किया है। सीएसआर के तहत योजना की शुरू की गई है। इस स्कीम का लाभ लेने के लिए उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन करना होगा। अभ्यर्थियों की सालाना आय 8 लाख से कम होनी चाहिए। अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा और इंटरव्यू के लिए अलग से प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी। जो भी अभ्यर्थी इस बार प्री में पास होंगे वो इस स्कीम का लाभ उठा सकते हैं। इस योजना का उद्देश्य विकसित भारत 2047 के स्वप्न को साकार करने के लिए कोयलांचल के प्रतिभाशाली जरूरतमन्द कर्मयोगियों को परीक्षा के अगले चरणों में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करना है। यह योजना ऐसे अभ्यर्थियों के लिए है जो यूपीएससी प्रारंभिक परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हों।

**खास बात**

- केवल सीआईएल की आनुषंगी कंपनियों के खनन जिले के स्थाई निवासी को मिलेगा लाभ

### डॉ. शर्मा की संस्था ने जीता अमृत 2.0 चैलेंज



**रायगढ़।** रायगढ़ निवासी डॉ. सुरेंद्र शर्मा की संस्था श्योरनेस इनोवेशन माइंड्स प्राइवेट लिमिटेड ने भारत सरकार की 2.0 योजना के अंतर्गत देशभर में चयनित होकर एकमात्र छत्तीसगढ़ी विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया है। इस परियोजना के तहत रायपुर नगर निगम के साथ एमओयू हस्ताक्षर हुआ, जिसके अंतर्गत श्योरनेस द्वारा शैवाल. आधारित अपशिष्ट जल शुद्धिकरण तकनीक को लागू किया जाएगा। यह तकनीक पूरी तरह पर्यावरण. अनुकूल और कार्बन. न्यूट्रल है। डॉ. शर्मा रायगढ़ के नटवर स्कूल के पूर्व छात्र हैं और स्व0 बजरंग लाल शर्मा के पुत्र हैं। उन्होंने हार्वर्ड यूनिवर्सिटी से पढ़ाई की और अब उनकी संस्था हरित तकनीक के क्षेत्र में राष्ट्रीय पहचान बना चुकी है। यह उपलब्धि रायगढ़ और पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का विषय है।

# सड़क पर गड्ढे हैं या गड्ढों पर सड़क



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

कभी लाईफलाइन कही जाने वाली सारंगढ़-सरसीवां सड़क आज अपने बदहाली की पराकाष्ठा पर है। नेशनल हाईवे घोषित हो चुकी यह सड़क वर्तमान में इतनी खराब हो चुकी है कि महज 16 किलोमीटर की दूरी तय करने में लोगों को एक घंटा लग रहा है। सबसे अधिक जर्जर स्थिति छिंद गांव के पास हैए जहां सड़क पर गड्ढे नहीं बल्कि गड्ढों में सड़क दिख रही है।

बरसात ने इस बदहाली को और बढ़ा दिया है। सड़क के दोनों ओर ऊंची मिट्टी जमा होने से पानी की निकासी नहीं हो पा रही और सड़क पूरी तरह पानी में डूब गई है। चारपहिया वाहन तक चलाना खतरे से खाली नहीं, हर समय दुर्घटना का डर बना रहता है। सरकारी दस्तावेजों में यह मार्ग राष्ट्रीय राजमार्ग बन चुका है और इसके चौड़ीकरण के लिए 58 गांवों की भूमि पर खरीदी बिक्री पर प्रतिबंध भी लगाया गया है। लेकिन हकीकत यह है कि इस हाईवे की सामान्य मरम्मत तक नहीं हो रही। रानीसागर से लेकर परसदा बड़की तक, करीब 12 किलोमीटर तक ऐसा कोई हिस्सा नहीं बचा जहां हर 10 मीटर पर गहरा गड्ढा न हो। लोगों का कहना है कि वर्ष 2000 में जब छत्तीसगढ़ बनाए तब से इस सड़क के निर्माण और मरम्मत की घोषणाएं लगातार होती रहीं, लेकिन 25 वर्षों में केवल भाषण मिले, सड़क नहीं। गड्ढों से भरी इस सड़क ने पीडब्ल्यूडी विभाग की कार्यप्रणाली पर भी बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है।

### ओवरलोडेड भारी वाहनों से बिगड़ी हालत

इस मार्ग पर बिगड़ती हालत के पीछे ओवरलोडेड ट्रकों की भारी आवाजाही को भी एक बड़ा कारण बताया जा रहा है। रायगढ़ औद्योगिक क्षेत्र की मालवाहक गाड़ियां राजधानी रायपुर तक पहुंचने के लिए इस मार्ग का उपयोग कर रही हैंए क्योंकि यह टोल.फ्री है। जानकारों के मुताबिक, यदि ये वाहन सरायपाली फोर लेन से जाते हैं तो एक तरफ का ही 3000 रुपये का टोल टैक्स देना पड़ता हैए जिसे बचाने के लिए चालक सारंगढ़.सरसीवां मार्ग का सहारा ले रहे हैं। भारी वाहनों की लगातार आवाजाही, खराब निर्माण गुणवत्ता और मरम्मत की कमी ने इस रोड को पूरी तरह अयोग्य बना दिया है।

# बिना दस्तावेज ले जा रहे थे कबाड़, पुलिस ने किया ट्रक जब्त

**रायगढ़।** पुसौर थाना पुलिस ने बुधवार शाम अवैध कबाड़ परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ट्रक से करीब 9100 किलोग्राम स्क्रैप जब्त किया है। ट्रक चालक कबाड़ के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सकाए जिसके चलते पुलिस ने संदेह के आधार पर वाहन व उसमें लोड माल को जब्त कर विधिवत कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। जब्त कबाड़ की अनुमानित बाजार कीमत लगभग 2 लाख 27 हजार 500 रुपये आंकी गई है। थाना प्रभारी निरीक्षक



रामकिंकर यादव को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक ट्रक में भारी मात्रा में अवैध स्क्रैप लादकर पुसौर क्षेत्र की ओर लाया जा रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने टीम को सतर्क किया और ग्राम औरदा स्कूल के पास रायगढ़ रोड पर वाहन चेकिंग प्वाइंट लगाया गया। कुछ ही देर बाद तेज रफ्तार में ट्रक क्रमांक सीजी 13 एजेड 0822 आता दिखाए जिसे रोककर जांच की गई। पुलिस को ट्रक के अंदर 9100 किलो स्क्रैप मिलाए परंतु चालक कबाड़ के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाया और न ही वह स्वामित्व या स्त्रोत की जानकारी दे सका। पुलिस ने मौके से ही ट्रक और कबाड़ को जप्त कर लिया। पकड़े गए चालक की पहचान मंटुकुमार पासवान पिता युगेश्वर पासवान, उम्र 27 वर्ष निवासी पथरा थाना डुमरिया जिला गया बिहार हाल पता काशीराम चौक, गढ़उमरिया रोड थाना जूटमिल रायगढ़ के रूप में हुई है। उसके विरुद्ध थाना पुसौर में भारतीय न्याय संहिता की धारा 35,क,ड बीएनएसएस 303,2 बीएनएस के तहत इस्तगासा दर्ज कर मामला जांच में लिया गया है। पूरे प्रकरण में थाना प्रभारी रामकिंकर यादव के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक उमाशंकर नायक, मनमोहन बैरागी सहित अन्य स्टाफ की सक्रिय भूमिका रही।

# साप्ताहिक बाजार से बाइक चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

**रायगढ़।** पुसौर पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए साप्ताहिक बाजार से बाइक चोरी करने वाले दो शातिर चोरों को धर दबोचा है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 5 चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की हैंए जिनकी कुल अनुमानित कीमत करीब 2.40 लाख रुपये आंकी गई है। आरोपियों ने पुसौर सहित आस.पास के बाजारों से बाइक चोरी की बात स्वीकार की है। घटना 30 जुलाई की है, जब पुसौर निवासी सच्चिदानंद गुप्ता ने अपनी सीडी डिलक्स बाइक सीजी 13 वाई 0802 को बाजार में खड़ा कर खरीदारी के लिए गए थे। थोड़ी देर बाद लौटने पर बाइक गायब मिली। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक नहीं मिलने पर उन्होंने थाना पुसौर में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराईए जिस पर धारा 303,2 बीएनएस के तहत दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस को सूचना मिली कि दो युवक ग्राम चिखली के पास बाइक बेचने की फिराक में हैं।


## जूटमिल क्षेत्र के राधिका रेसिडेंसी में चोरी, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

# फ्लैट में घुसे चोर, 5 लाख नकद व जेवरात पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर की एक सुरक्षित मानी जाने वाली आवासीय कॉलोनी राधिका रेसिडेंसी में मंगलवार देर रात चोरी की सनसनीखेज वारदात हुई। चार नकाबपोश चोरों ने रेसिडेंसी के कई बंद मकानों को निशाना बनाया और एक फ्लैट से करीब 4 लाख 90 हजार रुपए की नगदी व जेवरात चुराकर फरार हो गए। पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसमें चोरों के हाव.भाव साफ दिखाई दे रहे हैं, हालांकि उन्होंने चेहरा छिपाने गमछा पहन रखा था।

घटना जूटमिल थाना क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार खरसिया निवासी नितिन अग्रवाल 43 वर्ष कुछ महीने पहले अपने परिवार के साथ कबीर चौक रोड स्थित राधिका रेसिडेंसी के फ्लैट नंबर 108 पहली



मंजिल में शिफ्ट हुए थे। मंगलवार को वे परिवार सहित खरसिया गए हुए थे। इसी दौरान रात में चार चोर कॉलोनी के पीछे की दीवार में लगी जाली काटकर परिसर में दाखिल हुए।

### लाखों के जेवर और कैश ले उड़े

नकाबपोश चोरों ने सुनसान मौके का फायदा उठाते हुए सबसे पहले नितिन अग्रवाल के फ्लैट का ताला तोड़ा और भीतर घुस गए। वहां से जेवरात और नगदी समेत कुल 4.90 लाख रुपए की चोरी की। इसके बाद वे अन्य बंद फ्लैटों को भी खंगालने लगे। तीसरी मंजिल और पांचवीं मंजिल के कुछ फ्लैट्स का ताला तोड़ा गयाए लेकिन वहां या तो निर्माण कार्य चल रहा था या मकान खाली थेए जिससे उन्हें कुछ हाथ नहीं लगा।

### सीसीटीवी फुटेज में नजर आए चोर

रेसिडेंसी में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरों की गतिविधियां रिकॉर्ड हो गई हैं। सभी चोर मुंह पर गमछा बांधे हुए थेए जिससे उनकी पहचान कर पाना फिलहाल मुश्किल हो रहा है। सुबह जब परिजनों को घटना की जानकारी हुई, तो नितिन के भाई सचिन अग्रवाल ने तुरंत जूटमिल थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई। सूचना मिलते ही जूटमिल थाना पुलिस व डॉग स्क्वॉड मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। थाना प्रभारी गिरधारी साव ने बताया कि फुटेज खंगाला जा रहा है। चार लोगों ने मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया है। तीन फ्लैटों के ताले तोड़े गए, लेकिन चोरी सिर्फ एक घर में हुई है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### कॉलोनीवासियों में डर का माहौल

जिले में बीते कुछ महीनों से बंद घरों को निशाना बनाकर चोरियों की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिससे पुलिस की गश्त व निगरानी पर सवाल उठने लगे हैं। दूसरी इस वारदात के बाद रेसिडेंसी में रहने वाले परिवारों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। कॉलोनीवासी अब सुरक्षा गार्ड की तैनाती और सीसीटीवी निगरानी बढ़ाने की मांग कर रहे हैं।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI RAIGARH
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
उड़ीसा रोड़ , काशीराम चौक के पास, गढ़उमरिया, रायगढ़ (छ.ग.)
89595-93923 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### लंबे समय बाद पुसौर जनपद पहुंचे सीईओ गोस्वामी



**पुसौर।** पुसौर जनपद पंचायत में लंबे समय से सीईओ पद रिक्त था, लेकिन अब विवेक गोस्वामी के पदस्थ होने से जनपद की प्रशासनिक मशीनरी में तेजी देखने को मिल रही है। बीते दिन वे पुसौर कार्यालय पहुंचे और कार्यभार ग्रहण के बाद जनपद अध्यक्ष हेमलता हरिशंकर चौहान से सौजन्य भेंट की। जनपद सदस्यों और कर्मचारियों से परिचय के साथ उन्होंने आगामी कार्यों की प्राथमिकता तय करने की बात कही। उन्होंने कहा कि गांवों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए जनपद स्तर पर समन्वय और पारदर्शिता जरूरी है। इस अवसर पर नेतनागर क्षेत्र के जनपद सदस्य, शिक्षक भुवनेश्वर चौहान, सहायक आयुक्त सहित कई स्थानीय लोग भी उपस्थित थे। सीईओ की सक्रियता से अब ग्रामीण विकास, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना जैसे कार्यों में तेजी आने की उम्मीद है।

### अधिकारियों-कर्मचारियों ने किया पौधा रोपण



**जशपुरनगर।** एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत जिले में वृहत स्तर पर पौधा रोपण किया जा रहा है। विद्युत वितरण कंपनी कुनकुरी एवं पत्थलगांव के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा वृहद स्तर पर पौधा रोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रत्येक उप संभाग में सहायक यंत्रियों एवं वितरण केन्द्रों में कनिष्ठ यात्रियों के द्वारा वृहत पैमाने पर पौधारोपण का कार्य संपन्न किया गया। जिसमें दोनों संभाग द्वारा सैकड़ो की संख्या में पौधारोपण का कार्य किया गया। इस मौके पर कार्यपालन यंत्री कुनकुरी एसपी. मरकाम, अनुभाग अधिकारी विजय परिहरि उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना में 25 हजार की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** एसडीएम ने सड़क दुर्घटना के एक मामले में प्रभावित परिजन हेतु 25 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की है। जिसके अंतर्गत मनोरा तहसील के ग्राम अम्बाकोना निवासी स्व. विजय गउवा की सड़क दुर्घटना में 28 दिसम्बर 2022 को मृत्यु हो जाने से मृतक के निकटतम वारिस मृतक के पत्नी श्रीमती अल्पना यादव हेतु 25 हजार की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### जिले में अब तक 7050.7 मिमी वर्षा

**जशपुरनगर।** जिले में 01 जून से अब तक 7050.7 मिमी वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 01 अगस्त तक की स्थिति में 5191.6 मिमी औसत वर्षा हुई है। बीते दिवस जिले में 7.4 मिमी वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसील जशपुर में 763.8 मिमी, मनोरा में 900.2 ममी, कुनकुरी में 1006.0 मिमी, दुलदुला में 422.8 मिमी, फरसाबहार में 585.4 मिमी, बगीचा में 730.8 मिमी, कांसाबेल में 684.9 मिमी, पत्थलगांव में 606.2 मिमी, सन्ना में 830.7 मिमी एवं बागबहार में 519.9 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा कुनकुरी में दर्ज की गई है।

### दो साल पहले युवक की हत्या के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** सवा दो साल पहले घर में घुसकर युवक की हत्या करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को पकड़ने में सफलता हासिल की है। मर्ग जांच के बाद पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है जबकि उसका साथी फरार है। आरोपी ने पुरानी रंजिश व अपनी पत्नी के साथ संबंध के शक पर वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस द्वारा आरोपी को जेल भेज दिया गया है जबकि दूसरे आरोपी की तलाश जारी है। दरिमा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सखौली निवसी 26 वर्षीय शंकर यादव आ. अशोक यादव 24 मार्च की रात अपने बिना दरवाजा लगे कमले में अकेले सोया हुआ था।

ऑपरेशन अंकुश में पुलिस की बड़ी सफलता

# युवती का अश्लील वीडियो वायरल आरोपी दिल्ली से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

सोशल मीडिया के जरिए युवती से दोस्ती कर अश्लील वीडियो बनाने फिर उसे वायरल करने वाले एक शातिर आरोपी को पुलिस ने राजधानी दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई ऑपरेशन अंकुश के तहत की गई है। आपरेशन अंकुश महिलाओं के विरुद्ध साइबर अपराधों के रोकथाम के लिए शुरू किया गया विशेष अभियान है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान कंवलजीत सिंह उर्फ गुरदित सिंह, उम्र 25 वर्ष, निवासी गुरुनानक नगर, थाना तिलक नगर, दिल्ली के रूप में हुई है। आरोपी ने पहले इंस्टाग्राम पर युवती से संपर्क कर मित्रता बढ़ाई और फिर वीडियो कॉलिंग के दौरान उसकी अश्लील वीडियो तैयार कर ली थी।

थाना कुनकुरी क्षेत्र की एक युवती ने 18 जुलाई 2022 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी, कि सोशल मीडिया साइट इंस्टाग्राम के माध्यम से उसकी दोस्ती दिल्ली निवासी कंवलजीत सिंह से हुई। दोनों के बीच वीडियो कॉल और मोबाइल नंबर का आदान-प्रदान भी हुआ। इस दौरान आरोपी ने युवती की गोपनीय वीडियो रिकॉर्ड कर ली। बाद में आरोपी ने व्हाट्सएप पर वही वीडियो भेजते हुए युवती से 1 लाख रुपये की मांग की और धमकी दी कि पैसे नहीं देने पर वीडियो को सार्वजनिक कर देगा। युवती के इंकार करने पर आरोपी ने उसका फेसबुक अकाउंट हैक कर वीडियो स्टोरी में वायरल कर दिया।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### आरोपी निकला बेहद शातिर

जांच के दौरान सामने आया कि आरोपी लगातार ठिकाना बदल रहा था। पहले भी पुलिस की टीम दिल्ली भेजी गई थी, लेकिन आरोपी पुलिस की पकड़ से बच निकला। इस बार साइबर सेल और तकनीकी टीम की मदद से आरोपी को दिल्ली के गुरुनानक नगर से दबोच लिया गया। गिरफ्तारी के समय आरोपी के पास से मोबाइल फोन जब्त किया गया है, जिसमें पीड़िता की आपत्तिजनक वीडियो मौजूद थी। पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार कर लिया है।

### पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कुनकुरी निरीक्षक राकेश कुमार यादव, सहायक उप निरीक्षक ईश्वर सिंह वारले, आरक्षक नंदलाल यादव, उपेन्द्र यादव एवं साइबर सेल की भूमिका रही। महिलाओं और बेटियों के खिलाफ साइबर अपराधों को लेकर पुलिस पूरी तरह संवेदनशील है। सोशल मीडिया का दुरुपयोग कर किसी की गरिमा से खेलने वालों के लिए पुलिस ने 'ऑपरेशन अंकुश' की शुरुआत की है, यह जारी रहेगा। आरोपी को दिल्ली से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

अपनी मर्जी से गई थीं काम की तलाश में

# चार दिन से लापता नाबालिग छात्राएं रायगढ़ से बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

सेंट ऑन्स बालिका छात्रावास दुलदुला से बीते चार दिनों से लापता दो नाबालिग छात्राओं को पुलिस ने रायगढ़ से सकुशल बरामद कर लिया है। दोनों छात्राएं अपनी मर्जी से छात्रावास छोड़कर काम की तलाश में रायगढ़ पहुंची थीं। पुलिस की तत्परता और मुखबिर की सूचना से यह सफलता मिल सकी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, छात्रावास की दो छात्राएं शनिवार को एक सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद अचानक लापता हो गई थीं। जब देर रात तक वे वापस नहीं लौटीं तब छात्रावास प्रबंधन द्वारा परिजनों को सूचित किया गया। परिजनों ने तत्काल थाना दुलदुला में रिपोर्ट दर्ज कराई। इस घटना के बाद पुलिस प्रशासन हरकत में आया और विशेष टीम गठित कर खोजबीन शुरू की गई। सीमावर्ती जिलों को अलर्ट पर रखा गया और सर्च ऑपरेशन 'मुस्कान' के तहत विभिन्न स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया गया।




### एसएसपी ने की पुष्टि

एसएसपी शशिमोहन सिंह ने बताया कि, दोनों छात्राएं सकुशल मिल गई हैं। वे अपनी इच्छा से निकली थीं। मामले की गहराई से जांच जारी है और छात्रावास प्रबंधन की भूमिका की भी समीक्षा की जाएगी।

### छात्रावास की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

इस पूरे घटनाक्रम ने छात्रावास प्रबंधन की लापरवाही को उजागर कर दिया है। परिजनों का आरोप है कि छात्रावास प्रभारी ने बच्चियों के लापता होने की जानकारी समय पर नहीं दी, जिससे बच्चियों की तलाश में विलंब हुआ। इसके अलावा, छात्रावास परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की स्थिति भी संदेह के घेरे में है, क्योंकि पुलिस को कोई स्पष्ट फुटेज उपलब्ध नहीं हो सका।

### परिजनों को सौंपा गया

मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दोनों बालिकाओं को रायगढ़ से बरामद किया। पूछताछ में उन्होंने बताया कि वे स्वेच्छा से काम की तलाश में निकली थीं। पुलिस ने दोनों को चिकित्सकीय जांच के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

### पुलिस कर रही विस्तृत जांच

हालांकि बालिकाओं की बरामदगी हो चुकी है, फिर भी पुलिस मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। यह पता लगाया जा रहा है कि कहीं किसी व्यक्ति या गिरोह की भूमिका तो इसमें नहीं है। साथ ही छात्रावास की सुरक्षा और निगरानी प्रणाली की भी समीक्षा की जा रही है।

## विधायक रायमुनि ने किया निर्माण कार्यों का भूमि पूजन



निर्माण कार्यों का भूमिपूजन करतीं विधायक।

**जशपुरनगर।** झारखंड राज्य के सीमावर्ती क्षेत्र से लगे ग्राम टांगरटोली में निर्माण कार्य का भूमि पूजन करने विधायक श्रीमती रायमुनी भगत पहुंची। यहां उन्होंने ग्रामीणों को जागरूक करते हुए राज्य और केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे सभी योजनाओं को विस्तार से बताकर इसका लाभ उठाने जागरूक किया। विधायक श्रीमती रायमुनी भगत के प्रयास से ग्राम टांगरटोली में 7 लाख की लागत से आरसीसी रोड एवं 10 लाख की लागत से तटबंध का कार्य स्वीकृत हुआ।जिसका विधि विधान से पूजा अर्चना कर कार्य प्रारंभ कराया। श्रीमती भगत ने कहा कि राज्य में इस वक्त विष्णु देव की सरकार है।

## अवैध काष्ठ का परिवहन करते वाहन एवं हाइड्रा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

वनमंडल द्वारा अवैध काष्ठ परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत 31 जुलाई को बड़ी कार्रवाई की गई। मनोरा परिक्षेत्राधिकारी की टीम ने अवैध रूप से काष्ठ ले जा रहे एक वाहन तथा हाइड्रा को जब्त किया है। वाहन में 16 नग सेमल लकड़ी के लट्ठे लोड पाए गए।

- वाहन में 16 नग सेमल लकड़ी के लट्ठे लोड पाए गए

वनमण्डलाधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार परिक्षेत्राधिकारी मनोरा द्वारा मनोरा परिक्षेत्र के परिसर ओरडीह के निरीक्षण के दौरान ग्राम तलोरा के पास टाटा ट्रक वाहन कमांक सीजी 15 सीडब्लू 3791 में सेमल लकड़ी लोड देखकर संदेह के आधार पर पूछताछ किया गया। पूछताछ के दौरान ट्रक वाहन चालक वीरेन्द्र प्रजापति ग्राम-कांड़ी, जिला-गढ़वा (झारखण्ड) और खलासी मन्दु तिवारी, गुमला एवं हाइड्रा शोल्ड वाहन चालक सद्दाम, जिला-गढ़वा (झारखण्ड) द्वारा बताया गया कि दोनो वाहन कुनकुरी निवासी जावेद का है। उनके द्वारा बताया गया कि लकड़ी को हाइड्रा शोल्ड से वाहन में लोड कर अनिल तिर्की वल्द दानियल तिर्की ग्राम भिमसेला के पास ले जाया जा रहा था। संबंधित के द्वारा लोड लकड़ी का कोई दस्तावेज और न ही वाहन का कोई कागजात प्रस्तुत किया गया। जिस पर वन परिक्षेत्राधिकारी मनोरा द्वारा लकड़ी, वाहन तथा हाइड्रा को पंचनामा एवं बयान के पश्चात जब्त करने की कार्रवाई की गई।



ट्रक में लोड लकड़ी।

## महादेवडांड़ में चोरों के हौसले बुलंद दुकान से नकदी और सामान चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महादेवडांड़

**महादेवडांड़।** नगर सहित आस-पास के क्षेत्रों में चोरी की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं, जिससे स्थानीय नागरिकों में दहशत का माहौल है। ताजा मामला गुरुवार और शुक्रवार की दरमियानी रात का है, जब महादेवडांड़ के हाई स्कूल चौक स्थित नारायण गुप्ता की दुकान का ताला अज्ञात चोरों ने तोड़ डाला।

चोरों ने दुकान से करीब दस हजार रुपये नगद और किराना सामग्री पर हाथ साफ कर दिया। हैरानी की बात यह रही कि यह इलाका पूरी तरह रिहायशी है, फिर भी चोरों ने बड़ी सफाई से घटना को अंजाम दिया। चोरी के दौरान चोरों ने गुप्ता जी के घर के आस-पास के अन्य मकानों के बाहर से ताला लगा दिया, ताकि किसी तरह की हस्तक्षेप न हो सके। इसी रात महादेवडांड़ से लगभग एक किलोमीटर दूर मुसगुटरी (बादुपारा) में भी चोरी का प्रयास किया गया। प्रेमचंद किंडो के मकान पर ताला तोड़ने की कोशिश की गई, लेकिन लोगों की सतर्कता और सजगता से चोर भागने पर मजबूर हो गए। लगातार हो रही इन घटनाओं ने स्थानीय नागरिकों को भयभीत कर दिया है। लोग अब खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन से ठोस कदम उठाने की मांग कर रहे हैं।

## पुत्र के हत्यारे पिता को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

अभियुक्त रतिराम मांझी को पुत्र की हत्या का दोषी ठहराया और न्यायालय श्रीमान अपर सत्र न्यायाधीश अभिषेक शर्मा ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई तथा अर्थदण्ड से दंडित करने का दण्डादेश दिया है।

मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि थाना धरम जयगढ़ अन्तर्गत चौकी रैरूमा खुर्द के अनुसार गोंदा बाई माझी की रिपोर्ट पर कि 19 जुलाई एवं 20 जुलाई 2019 की दरमियानी रात लगभग एक बजे अभियुक्त रतिराम माझी अपने पुत्र को दूसरा विवाह करूंगा कह रहा था जिसे उसका पुत्र दूसरा विवाह करने से मना करता था। इसी बात पर पिता पुत्र में विवाद बढ़ गया और दोनों लड़ते झगड़ते घर से बाहर गांव के हुड़ार झोरखा तरफ चले गए। कुछ देर बाद अभियुक्त रतिराम घर आया और अपनी बहू गोंदा बाई के पास आकर बोला कि गोपाल को हुडार झोरखा के पास बहुत मार दिया हूं और रतिराम घर से निकल कर भाग गया।

सूचना कर्ता गोंदा बाई अपने चाचा ससुर अनिल माझी के साथ जाकर घटना स्थल में देखी तो गोपाल मांझी बेहोश पड़ा था उसके चेहरे पर कई जगह चोट के निशान थे और खून से लथपथ था। आहत गोपाल मांझी को एम्बुलेंस सेवा से पत्थल गांव अस्पताल में इलाज के लिए लेकर पहुंचे किन्तु डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना थाना पत्थल गांव में गोंदा बाई के द्वारा दी गई उक्त सूचना के आधार पर थाना पत्थल गांव में मर्ग कायम कर शव पंचनामा की कार्यवाही की गई तथा।मामला धरमजयगढ़ थाना के क्षेत्र का होने से प्रकरण की डायरी धरमजयगढ़ थाना को अतरित की गई प्रकरण में चौकी प्रभारी धनीराम राठौर ने सूक्ष्मता के साथ मामले की विवेचना की सभी साक्षियों के कथन दर्ज करने के बाद आवश्यक कार्यवाही उपरान्त अभियुक्त रतिराम माझी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया तथा विवेचना पूर्ण कर अभियुक्त के विरूद्ध धारा 302 दण्ड संहिता के तहत चालान तैयार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया।

मामले में सुनवाई करते हुए माननीय अपर सत्र न्यायालय घरघोड़ा अभिषेक शर्मा ने सभी साक्षियों का परीक्षण प्रति परीक्षण पश्चात उभय पक्ष के विद्वान अधिवक्ता गण के तर्क श्रवण करने के बाद अभियुक्त रतिराम माझी को गोपाल मांझी की हत्या का दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई तथा 1000 रुपए अर्थदण्ड से दण्डित करने का दण्डादेश दिया है। उल्लेखनीय है कि विद्वान न्यायालय ने मृतक के विधिक वारिसानो को 100000 रुपए क्षति पूर्ति राशि विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के माध्यम से दिलाए जाने की अनुशंसा की है। प्रकरण में राज्य की ओर से अपर लोक अभियोजक राजेश सिंह ठाकुर ने पैरवी की।

## 20 दिवसीय भरतनाट्यम नृत्य कार्यशाला का समापन

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़िया क्लाउड अ सोशियो कल्चरल ऑर्गेनाइजेशन के द्वारा नगर में 20 दिवसीय भरतनाट्यम नृत्य कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्रतिभागियों ने पंजीयन कराकर 20 दिनों तक गहन प्रशिक्षण प्राप्त किया।

कार्यशाला में छात्रों को शास्त्रीय नृत्य की मुद्राओं, आसन, भाव आदि का प्रशिक्षण दिया गया साथ ही समापन के अवसर पर प्रस्तुति का आयोजन भी किया जिसमें प्रशिक्षणार्थियों और प्रशिक्षक दोनों ने मिलकर भरतनाट्यम नृत्य पर आधारित प्रस्तुति दी। प्रशिक्षण में मुख्य रूप से शास्त्रीय नृत्य के सही गतियों, भाव, आसन और मुद्राओं को बतलाया गया. गोस्वामी तुलसीदास जी द्वारा रचित 'श्री रामचंद्र कृपालु भज मन' भजन पर सभी ने मनमोहक प्रस्तुति दी, भरतनाट्यम में दक्षिण भारतीय पदों के गायन के साथ ही नृत्य की प्रस्तुति होती है पर शुरू में थोड़ा कठिनाई होती है, इसी कारण से राम भजन पर नृत्य की प्रस्तुति हुई। कार्यशाला केवल प्रशिक्षण तक सीमित नहीं होनी चाहिए, प्रशिक्षण के साथ प्रदर्शन से जो सीख उसे प्रस्तुत करने का मौका भी मिलता है। इस कार्यशाला में अंशु गुप्ता, दीक्षा मिंज और शाम्भवी बाजपेई ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ से भरतनाट्यम में बीए और एमए में प्रशिक्षित मनीषा भगत ने इन्हें बहुत मन लगाकर प्रशिक्षण प्रदान किया है। 20 दिवसीय भरतनाट्यम नृत्य प्रशिक्षण कार्यशाला से जरूर छात्रों को बहुत कुछ सीखने को मिला है, इसका अनुभव जीवन में बहुत कारगर सिद्ध होगा।



समापन मौके पर नृत्य प्रस्तुत करतीं छात्राएं।

### अधिवक्ता पर लाठी से हमला, मची अफरा-तफरी

**अम्बिकापुर।** गुरूवार को जिला न्यायालय में उस समय अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई जब लाठी लेकर पहुंचे एक व्यक्ति ने अपनी सीट पर बैठे अधिवक्ता पर लाठी से ताबड़तोड़ हमला करने लगा। हमले में अधिवक्ता गंभीर रूप से घायल हो गए। उपस्थित पुलिसकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आरोपी को पकड़कर पुलिस के पुलिस थाना के सुपुर्द किया। आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। गुरूवार को रोज की तरह अधिवक्ता सुरेन्द्र सिंह चौहान जिला न्यायालय परिसर स्थित अपने टेबल पर बैठे थे तथा सुनवाई वाले मामलों के संबंध में अपने मोबाइल में कुछ देख रहे थे। दोपहर 12.15 बजे एक व्यक्ति लाठी लेकर अधिवक्ता चौहान के टेबल के पास पहुंचा एवं उन पर लाठी से हमला कर दिया। अज्ञात व्यक्ति के हमले में अधिवक्ता गंभीर रूप से घायल हो गए।



### स्कूल से 100 मीटर के भीतर दुकानों में तम्बाकू उत्पाद विक्रय करने पर की गई चालानी कार्रवाई

**जशपुरनगर।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन के नियंत्रक विभाग के निर्देशानुसार कोटपा एक्ट 2003 के तहत जिले में कार्यवाही किया जा रहा है। कोटपा एक्ट 2003 तहत किसी भी स्कूल के 100 गज के भीतर संचालित दुकाने जिसमें तम्बाकू उत्पाद विक्रय कर रहे हैं, उन पर कोटपा एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। इसी कड़ी में विगत दिवस 31 जुलाई को दुलदुला विकासखण्ड अंतर्गत संचालित शासकीय माध्यमिक शाला, दुलदुला, प्राइमरी स्कूल खुंटीटोली, हाई स्कूल, चरईडाण्ड, प्राइमरी स्कूल लोरो के 100 मीटर के भीतर स्थित दुकानों पर तम्बाकू उत्पाद पाए जाने पर चालानी कार्यवाही की गई। जिसमें कोटपा एक्ट के तहत कुल 11 चालान 1 हजार 9 सौ की राशि प्राप्त की गई। इनमें विनय किराना एवं जनरल स्टोर, यादव किराना, अन्नया जनरल स्टोर, रामनारायन किराना दुकान दुलदुला, कुन्दन किराना दुकान, यादव किराना स्टोर खुंटीटोली, बलराम पान दुकान, अर्श जनरल स्टोर, तिर्की श्रृगांर दुकान, चरईडाण्ड, यादव किराना स्टोर, लोरो शामिल हैं। कार्यवाही में जिले के औषधि निरीक्षक योगेश परस्ते, मनीष कवंर एवं कोटपा एक्ट के नोडल, स्वास्थ्य विभाग उपस्थित थे।

नगर पालिका सभाकक्ष में किया गया आयोजन

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने व स्वरोजगार से जोड़ने कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

नगर पालिका परिषद द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने एवं स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से डे-एनयूएलएम और साथी परियोजना के संयुक्त तत्वावधान में मिलेट कैफे संचालन हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला नगर पालिका सभाकक्ष में आयोजित की गई, जिसमें शहर के विभिन्न वार्डों से लगभग 60 स्व-सहायता समूह की महिलाएं एवं 12 शहरी पथ विक्रेता शामिल हुए।

कार्यशाला में मिलेट आधारित उत्पादों से स्वरोजगार शुरू करने की विधि, व्यवसाय संचालन, प्रशिक्षण एवं बाजार से जुड़ाव पर विस्तार से जानकारी दी गई। मुख्य नगरपालिका अधिकारी योगेश्वर उपाध्याय के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यशाला में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के विशेषज्ञों व साथी परियोजना के निदेशक अनुराग लाल ने सहभागियों को मिलेट आधारित कैफे और कार्ट संचालन की प्रक्रिया बताई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगरपालिका अध्यक्ष अरविंद भगत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मिलेट को 'श्री अन्न का दर्जा देकर देश को पोषणयुक्त आहार की दिशा में एक नई राह दिखाई गई है। अब यह हमारी जिम्मेदारी है कि महिलाएं इस अवसर का लाभ उठाएं और अपने पैरों पर खड़ी हों। नगर पालिका उपाध्यक्ष युवराज यशप्रताप सिंह जूदेव ने कहा कि मिलेट आधारित उत्पाद न केवल स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हैं, बल्कि इससे स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि महिलाएं अपने क्षेत्र में मिलेट कैफे खोलकर आय का सशक्त स्रोत बना सकती हैं। साथी परियोजना के निदेशक अनुराग लाल ने बताया कि राज्य के हर जिले में शासकीय व निजी परिसरों, स्कूलों, कॉलेजों, चिकित्सालयों, कार्यालयों, पर्यटन स्थलों एवं रेलवे स्टेशन सहित विभिन्न उपयुक्त स्थानों पर मिलेट कैफे व कार्ट की स्थापना की जाएगी। संचालन के लिए चयनित स्व-सहायता समूहों को प्रशिक्षण, कच्चा माल और तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यशाला में वार्ड क्रमांक 20 की पार्षद श्रीमती शैलेन्द्री यादव, सिटी मिशन प्रबंधक संत कुमार महतो, राणा प्रताप सिंह, सीआरपी दीदी सहित कई अधिकारी व स्व-सहायता समूहों की महिलाएं उपस्थित थीं। कार्यशाला के दौरान महिलाओं ने मिलेट से निर्मित विभिन्न व्यंजनों का भी प्रदर्शन किया।




कार्यशाला में नपा के पदाधिकारियों के साथ उपस्थित महिलाएं।

## चेन्नई से गृह ग्राम पहुंचा राजू का शव



वाहन से राजू का शव उतारते परिजन।

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर चेन्नई में हुए दुखद निधन के बाद मृतक का शव गृह ग्राम चिकनीपानी पहुंचा। राजू नाग के शोकाकुल परिजनों ने बगिया स्थित मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में पहुंचकर सहायता की गुहार लगाई। एक सामान्य ग्रामीण परिवार के लिए यह कार्य असंभव सा प्रतीत हो रहा था। मुख्यमंत्री श्री साय ने व्यक्तिगत रूप से मामले को संज्ञान में लिया और तुरंत शव को सुरक्षित रूप से लाने के लिए समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। गुरुवार की शाम राजू नाग का शव झारसुगुड़ा रेलवे स्टेशन पहुंचा और शुक्रवार की सुबह मुक्तांजलि शव वाहन के माध्यम से शव को उसके गृह ग्राम चिकनीपानी लाया गया। परिवार और ग्रामवासी भारी मन से अंतिम दर्शन कर पाए। शासन की पहल से न सिर्फ शव वाहन की व्यवस्था की गई, बल्कि प्रशासनिक स्तर पर भी पूरी सहायता प्रदान की गई। परिवारजनों और ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री श्री साय की इस संवेदनशीलता और तत्परता के लिए आभार जताया है।



# पर्दे पर दिखेगी सुरों के जादूगर रफी की कहानी

**मुंबई।** भारतीय म्यूजिक इंडस्ट्री के दिग्गज सिंगर मोहम्मद रफी वो आवाज हैं, जो पीढ़ी दर पीढ़ी अपना जादू बिखेर रहे हैं। उनकी आवाज और गाने आज भी उतने ही पसंद किए जाते हैं, जितने उनके दौर में किए जाते थे। निर्देशक उमेश शुक्ला ने घोषणा की है कि वे रफी साहब की बायोपिक पर काम कर रहे हैं। अब रफी के बेटे शाहिद रफी ने बताया कि वो खुद इस फिल्म से बतौर निर्माता जुड़े हैं। उन्होंने कहा, मैंने यह तय किया था कि अब्बा की बायोपिक तभी बननी चाहिए, जब इसे सच्चाई और ईमानदारी से बनाया जाए। मेरे लिए यह सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि मेरे अब्बा की जिंदगी को दुनिया के सामने लाने का जरिया है।

लाइफ Style



# रोशनी

## कभी नहीं किया सनकियों वाला इश्क

टीवी एक्ट्रेस रोशनी वालिया ने हाल ही में प्यार और रिश्तों पर खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि उन्हें कभी प्यार में दिल टूटने का अनुभव नहीं हुआ। रोशनी ने रिश्तों में सम्मान को सबसे जरूरी बताया। उनका मानना है कि कम उम्र के रिश्ते अक्सर मैच्योर नहीं होते हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

टीवी एक्ट्रेस और 'सन ऑफ सरदार 2' स्टार रोशनी वालिया ने अपने हालिया इंटरव्यू से हर तरफ शोर मचा रखा है। पहले उन्होंने अपनी मां की सलाह के बारे में बात की थी और अब प्यार को लेकर बोलीं। उन्होंने अपनी जिंदगी में प्यार, दिल टूटने और व्यक्तिगत सीमाओं के बारे में बात की। अपनी कम उम्र के बावजूद मैच्योर और जमीनी नजरिए के लिए जानी जाने वाली रोशनी ने उन बातों पर अपना पक्ष रखा, जिन पर बोलने से युवा अक्सर कतराते हैं। दिल टूटने के बारे में बात करते हुए, रोशनी वालिया ने शेयर किया, 'मैं कभी नहीं रोई... मैं यह नहीं कहूंगी कि चार दिनों तक रोना दिल टूटना है।' उन्होंने खुलासा किया कि जब उन्होंने पारिवारिक परिस्थितियों में दर्द का सामना किया है, तो रोई हैं, लेकिन रोमांटिक रिश्ते में चोट खाकर कभी नहीं रोईं। रोशनी ने कहा, 'कोई दिल नहीं टूटा? परिवार के बारे में? हां। हुआ है, लेकिन यंग लव? नहीं, मैं हमेशा छोटी थी।' प्यार के प्रति उनका नजरिया काफी अलग है। रोशनी ने कहा, 'मैंने इतना प्यार किया कि मैं पागल हो गई... मैं बर्बाद हो गई... और मैं सांस नहीं ले पा रही थी। ऐसा कभी नहीं हुआ।' वह इस स्पष्टता का श्रेय अपनी गहरी समझ को देती हैं कि कम उम्र में रिश्ते अक्सर पल भर के लिए होते हैं।

हॉलीवुड मसाला



# निक जोनस ने शेयर कीं तस्वीरें

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी गायक, गीतकार और अभिनेता निक जोनस और एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं। गुरुवार को निक ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर बेटी मालती मैरी और पत्नी प्रियंका के साथ कुछ शानदार तस्वीरें शेयर की हैं। निक की इन तस्वीरों पर प्रियंका ने प्यारा कमेंट कर फैंस का दिल जीत लिया है। प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस ने जुलाई में अपनी बेटी मालती मैरी के साथ समुद्र तट पर और ब्रॉडवे शो में मजेदार समय बिताया।




# जर्मन इंफ्लूएंसर यूनुस को चर्च स्ट्रीट से हटाया

**मुंबई।** जर्मन सोशल मीडिया स्टार यूनुस जारू को बुधवार शाम को बेंगलुरु पुलिस ने चर्च स्ट्रीट से जबरदस्ती हटाया। उन्हें कुछ समय के लिए हिरासत में भी लिया गया। यूनुस जारू के दौरे के दौरान उनके चारों ओर भीड़ जमा हो गई थी। इससे पहले सिंगर एड शीरन को बिना इजाजत चर्च स्ट्रीट पर प्रदर्शन करने से रोका गया था। पुलिस ने बताया कि जारू जिनके इंस्टाग्राम पर 21 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हैं, एक बड़े समारोह के लिए बिना किसी इजाजत चर्च स्ट्रीट गए थे। हालांकि, वहां जाने से कुछ समय पहले उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट डाली थी, जिसमें लिखा था 'हम चर्च स्ट्रीट आ रहे हैं।' पोस्ट की वजह से भारी भीड़ जमा हो गई। इससे व्यस्त इलाके में जन सुरक्षा को लेकर चिंताएं पैदा हो गईं।



# अलमारी का अचार ने जीता अवार्ड...

**नई दिल्ली।** शॉर्ट फिल्म 'अलमारी का अचार'की खूब तारीफ हो रही है, जिसे राकेश रावत ने निर्देशित किया है। फिल्म का जर्मनी में आयोजित 22वें इंडियन फिल्म फेस्टिवल स्टटगार्ट 2025 में वर्ल्ड प्रीमियर हुआ। फेस्टिवल के दौरान फिल्म ने 'बेस्ट शॉर्ट फिल्म' का जर्मन स्टार ऑफ इंडिया अवॉर्ड जीतकर ग्लोबल लेवल पर भारत का नाम रोशन किया है। इसे दुनियाभर की कई बेहतरीन शॉर्ट फिल्मों के बीच से चुना गया। फिल्म की कहानी एक रूढ़िवादी भारतीय समाज के बीच समलैंगिक कपल की इमोशनल जर्नी बयां करती है। समाज और परिवार की उम्मीदों के बोझ के बीच उनका रिश्ता कैसे अपनी पहचान के लिए स्ट्रगल करता है, कहानी इस पर आधारित है। फिल्म में अहम भूमिकाओं में मनवेन्द्र त्रिपाठी और मनोज शर्मा हैं।



# वॉर-2 का पहला गाना आवां-जावां रिलीज

**नई दिल्ली।** फिल्म वॉर-2 के मेकर्स ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर पहला गाना 'आवां जावां' रिलीज कर दिया है, जिसमें कियारा आडवाणी और ऋतिक रोशन की शानदार केमिस्ट्री देखने को मिल रही है। 4 मिनट के गाने में ऋतिक और कियारा रोमांस करते हुए नजर आ रहे हैं। दोनों के डांस स्टेप्स को काफी पसंद किया जा रहा है। वहीं, कियारा का गोल्डन लुक भी लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच रहा है। ब्रह्मास्त्रः पार्ट वन के हिट गाने केसरिया की टीम ने इस गाने को अपने सुरों से सजाया है। आवाज निकिता गांधी और अरिजीत सिंह की है। वहीं, संगीत प्रीतम का है और गीतकार अभिजीत भट्टाचार्य हैं। यह एक रोमांटिक गाना है, जो लोगों को बहुत पसंद आ रहा है। यूट्यूब पर रिलीज होने के सिर्फ एक घंटे के भीतर 284,855 बार देखा जा चुका है।

टीवी मसाला



# 'क्योंकि सास भी 2' में मंदिरा की होगी एंट्री, तुलसी की बढ़ेंगी मुश्किलें

**नई दिल्ली।** टीवी का पॉपुलर शो 'क्योंकि सास भी कभी बहु थी 2' में इस बार भी पहले सीजन में डॉक्टर मंदिरा कपाड़िया की वापसी की खबरें आ रही हैं। इस रोल को एक्ट्रेस मंदिरा बेदी ने निभाया था। ऐसे में अब 25 साल बाद मंदिरा को फिर से नए किरदार में देखा जा सकता है। शो के पहले सीजन में मंदिरा ने मिहिर विरानी यानी अमर उपाध्याय की गर्लफ्रेंड का रोल किया था। मंदिरा ने तुलसी विरानी की जिंदगी में पूरी तरह से हलचल मचा दी थी। हालांकि शो में मंदिरा का रोल छोटा था, लेकिन प्रभावी था। हालांकि, अभी तक कुछ भी आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन उनकी वापसी को लेकर फैंस के बीच काफी एक्साइटमेंट है। 'क्योंकि 2' के स्टार कास्ट की बात करें तो इसमें स्मृति ईरानी के अलावा सुधा शिवपुरी, गौरी प्रधान, हितेन तेजवानी,अमर उपाध्याय,शक्ति आनंद, रितु चौधरी, कमलिका गुहा,भाटिया-वर्धन पटेल, प्राची सिंह-अनादि पटेल और बरखा बिष्ट जैसे कलाकार नजर आ रहे हैं। शो के पहले एपिसोड की बात करें तो वीरानी परिवार तुलसी और मिहिर अपनी मैरिज एनिवर्सरी की तैयारी करते नजर आए।सीरियल में ट्विस्ट तब आता है, जब मिहिर तुलसी को सरप्राइज में कार गिफ्ट करता है। दरअसल, सबको लगता है कि मिहिर को वेडिंग एनिवर्सरी के बारे में मालूम नहीं था, लेकिन वो इस खास दिन को भूलने का नाटक कर रहा था।

## कोरियन सीरीज ने बदल दी लोगों की जिंदगी!

**नई दिल्ली।** कुछ कहानियां ऐसी होती हैं, जिनका असर देर से होता है। लेकिन जब होता है, तो वह लंबे समय तक साथ चलती है। के-ड्रामा की



दुनिया में वैसे तो एक से बढ़कर एक वेब शोज हैं, लेकिन इस भीड़ में एक सीरीज ऐसी भी है, जिसे पहले तो किसी ने ज्यादा तवज्जो नहीं दी। लेकिन, जब लोगों ने इसे देखना शुरू किया, तो 16 एपिसोड कैसे बीत गए, पता ही नहीं चला। यह सीरीज 2018 में रिलीज हुई थी। जब आई तब दक्षिण कोरिया में इसको लेकर विवाद भी हुआ। लेकिन, दर्शकों ने इसे भरपूर प्यार दिया। सीरीज का नाम है 'माय मिस्टर', जिसकी शुरुआत भले ही अंधेरी और उदास सी हो, लेकिन अंत बेहद खूबसूरत और सुकून देने वाला है। माय मिस्टर भावनाओं के संघर्ष को जिस ईमानदारी से दिखाती है, आप भी उसके कायल हो जाएंगे। माय मिस्टर में ली सन-क्यूं और ली जी-यूं लीड रोल में हैं। इस कोरियन ड्रामा सीरीज के डायरेक्टर किम वोन-सियोक हैं। कहानी पार्क हे-यंग ने लिखी है और चोरोकबाम मीडिया ने इसका निर्माण किया है। यह सबसे पहले 21 मार्च से 17 मई 2018 तक टीवीएन पर प्रसारित हुई थी।

# विजय देवरकोंडा का 'साम्राज्य' दर्शकों को आया पसंद

**मुंबई।** साउथ एक्टर विजय देवरकोंडा अपनी नई फिल्म 'किंगडम' के साथ सिनेमाघरों में वापसी कर चुके हैं। 31 जुलाई को फिल्म थिएटर्स में दस्तक दे चुकी है। हिंदी में फिल्म को 'साम्राज्य' के नाम से रिलीज किया गया है। लंबे समय से फ्लॉप फिल्मों का सामना कर रहे विजय के लिए ये फिल्म उनके कॅरियर की सबसे अहम मोड़ साबित हो सकती है। इस फिल्म को अब तक दर्शकों से शानदार प्रतिक्रिया मिल रही है। फिल्म में विजय के अभिनय को लेकर सोशल मीडिया पर फैंस अब अलग-अलग तरह से अपने रिएक्शन्स दे रहे हैं।

***जासूसी की दुनिया में सूरी बनकर छा गए*** : फिल्म किंगडम में विजय देवरकोंडा एक सीक्रेट मिशन पर निकले भारतीय जासूस सूरी के किरदार में नजर आते हैं। पूरी फिल्म में विजय इतनी गहराई से किरदार में उतरते हैं कि दर्शकों को स्क्रीन पर सिर्फ सूरी दिखाई देता है, विजय नहीं। यही बात कई सोशल मीडिया यूजर्स ने एक्स पर की है और फिल्म को लेकर अपनी प्रतिक्रियाएं दी हैं।



### फिल्म के इमोशनल सीन्स की तारीफ

हालांकि, फिल्म एक एक्शन-थ्रिलर है, लेकिन इसका दिल छूने वाला पहलू इसके इमोशनल सीन हैं, जो विजय की अदाकारी को खुलकर दर्शकों के सामने लेकर आ रहे हैं। एक्स पर कई यूजर्स ने इस फिल्म के भावनात्मक सीन्स की जमकर तारीफ की है।

### सोशल मीडिया पर रिएक्शन्स

फिल्म को लेकर अब तक जितने भी रिएक्शन्स सामने आए हैं, उन्हें देखकर तो यही लगता है कि फिल्म लोगों को पसंद आ रही है। एक यूजर ने तो इस फिल्म को इस साल की सबसे शानदार फिल्म बता दिया। यूजर ने लिखा- किंगडम एक भावनाओं से भरपूर फिल्म है- गौतम ने भावनाओं को बेहतरीन तरीके से प्रस्तुत किया है। अब तक की साल की सबसे बेहतरीन फिल्म! वहीं, एक दूसरे यूजर ने लिखा- विजय देवरकोंडा इस फिल्म से बहुत नाम और इज्जत कमाने वाले हैं। उन्होंने फिल्म में बेहतरीन काम किया है। एक और यूजर ने फिल्म की तारीफ करते हुए लिखा- किंगडम पूरी तरह से ब्लॉकबस्टर फिल्म है। विजय देवरकोंडा मुख्य भूमिका में दमदार चमकते हैं, निर्देशक ने एक मजबूत कहानी दी है।

# आशा पारेख, वहीदा रहमान और हेलेन एक साथ...



***मुंबई।** गुजरे जमाने में आशा पारेख, वहीदा रहमान और हेलेन जैसी एक्ट्रेसेस बॉलीवुड पर राज किया करती थीं। आज भले ही उनकी उम्र ढल चुकी है, लेकिन फैंस का कहना है कि वे अभी भी खूबसूरत और हसीन दिखती हैं। उनकी एक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। इसमें तीनों डिनर करती दिख रही हैं। फैंस उन्हें एकसाथ देखकर गदगद हो गए हैं। एक ने कहा- ओल्ड इज गोल्ड। आशा पारेख के नाम से इंस्टाग्राम अकाउंट पर इस तस्वीर को शेयर किया गया है। इसमें वहीदा, आशा और हेलेन एक साथ हैं। वे किसी रेस्त्रां में डिनर कर रही हैं। उनकी ये तस्वीर खूब वायरल हो रही है। इस फोटो को देख एक फैन ने कहा, 'लेजेंड लेडीज एकसाथ एक फ्रेम में।' दूसरे ने कॉमेंट किया, 'आह, वो जमाना था जब क्लास और खूबसूरती के साथ-साथ अपार प्रतिभा भी थी।' एक और फैन ने कहा, 'हिंदी सिनेमा के विशुद्ध कलाकार, सभी पीढ़ियों के लिए सच्ची 'अदाकारा'।*

## कई बड़ी फिल्में और वेब सीरीज भी अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर देंगी दस्तक

# अगस्त में आ रहे ये नए रियलिटी शोज करेंगे भरपूर मनोरंजन

***नई दिल्ली।** अगस्त के महीने में सन ऑफ सरदार 2 और धड़क 2 से लेकर वॉर 2 जैसी कई बड़ी फिल्में रिलीज हो रही हैं। इसके अलावा कई वेब सीरीज भी इस महीने अलग-अलग ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दस्तक देने वाली हैं। लेकिन, इन फिल्मों और वेब सीरीज के अलावा कई टीवी रियलिटी शो भी इस महीने आपके मनोरंजन के लिए दस्तक देने वाले हैं। जानते हैं लिस्ट में कौन-कौन नाम शामिल हैं।*

### पति-पत्नी और पंगा




पति पत्नी और पंगा जोड़ियों का रियलटी चेक, इस रियलिटी शो में सेलिब्रिटी जोड़े मजेदार खेलों, चुनौतियों और अपने बारे में खुलकर बातचीत में हिस्सा लेंगे, जो उनके रिश्ते की डायनेमिक्स को दिखाएगा। इस शो को बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनाली बेंद्रे और कॉमेडियन मुनव्वर फारुकी होस्ट करते नजर आएंगें। यह शो 2 अगस्त से कलर्स पर टेलीकास्ट होगा।

### छोरियां चली गांव

जीटीवी जल्द ही एक नया रियलिटी शो लेकर आ रहा है, लेकिन इस शो का कॉन्सेप्ट बिल्कुल अलग और नया होने वाला है। शो का नाम है 'छोरियां चली गांव।' इस शो में टीवी की ग्लैमर्स एक्ट्रेसेज इंडस्ट्री के ग्लैमर और चकाचौंध को छोड़कर गांवों की जिंदगी और वहां के तौर-तरीकों और वहां के रहने के रहन-सहन को अपनाएंगी। मिट्टी, खेत, देसी खाना और गांव के रीति-रिवाजों के बीच ये सेलेब्स कैसे खुद को ढालते हैं, यही इस शो की खास बात होगी। इस शो को रोडीज फेम रणविजय सिंह और कॉमेडियन सुमुखि सुरेश होस्ट करेंगे। इसके अलावा शो में बतौर कंटेस्टेंट अनीता हसनंदानी, ऐश्वर्या खरे, अंजुम फकीह, कृष्णा श्रॉफ, चाहत खन्ना, चिंकी-मिंकी यानी सुरभि-समृद्धि और ईशा मालवीय नजर आएंगी। इस शो का प्रीमियर 3 अगस्त से जीटीवी पर होगा।



### कौन बनेगा करोड़पति

टेलीविजन की दुनिया का सबसे मशहूर रियलिटी शो 'कौन बनेगा करोड़पति'का नया सीजन एक बार फिर दर्शकों के मनोरंजन के लिए तैयार है। एक बार फिर महानायक अमिताभ बच्चन हॉट सीट पर बैठे लोगों का स्वागत करने के लिए तैयार हैं। केबीसी का 17वां सीजन 11 अगस्त से सोनी टीवी पर टेलीकास्ट होने जा रहा है। शो का प्रोमो भी सामने आ चुका है। दर्शक इस शो का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

### बिग बॉस 19

सबसे लोकप्रिय रियलिटी शो में शामिल बिग बॉस फिर से अपने 19वें सीजन के साथ वापस आ रहा है। एक बार फिर सलमान खान शो को होस्ट करते नजर आएंगे। हालांकि, इस बार बिग बॉस में कई बदलाव नजर आएंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस बार का फॉर्मेट न सिर्फ पूरी तरह से नया होगा, बल्कि शो के लोकप्रिय डायलॉग और कंटेस्टेंट्स के रोल्स में भी अहम फेरबदल किया गया है। जहां हर सीजन में 'बिग बॉस चाहते हैं'सुनने को मिलता था, वहीं इस बार दर्शकों को सुनाई देगा, 'बिग बॉस जानना चाहते हैं।' इस बार शो को सिर्फ सलमान खान नहीं, बल्कि दो और नामी चेहरों के साथ होस्ट किया जाएगा। शो का फर्स्ट लुक भी सामने आ चुका है। हालांकि, अभी तक शो के टेलीकास्ट की तारीख सामने नहीं आई है और न ही कंटेस्टेंट के ऑफिशियल नामों का खुलासा हुआ है। हालांकि, उम्मीद है कि अगस्त के महीने के अंत तक बिग बॉस 19 आ सकता है।

## खबर संक्षेप

### खटारा बसों से बच्चों की जान खतरे में: मोनू

**खरसिया।** खरसिया विकासखंड में संचालित शासकीय और निजी स्कूलों की बसें अब बच्चों के लिए खतरा बनती जा रही हैं। क्षेत्र के युवा नेता मोनू केसरी ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि अधिकांश स्कूल बसें खटारा और फिटनेसविहीन हैं, जिनसे हर दिन बच्चे सफर करने को मजबूर हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बस संचालकों द्वारा अभिभावकों से किराया तो पूरा वसूला जाता है, परंतु वाहन की स्थिति और सुविधा दयनीय होती है। मोनू केसरी ने प्रशासन से मांग की है कि सभी स्कूल बसों और वाहनों की तत्काल जांच हो और अनफिट वाहनों को बंद किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती तो वे जनआंदोलन करने को बाध्य होंगे।

### रावत समाज को ओबीसी में शामिल करने की मांग

**पुसौर।** छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज द्वारा लंबे समय से चली आ रही मांग रावत उपनामधारी यादव समाज को केंद्र की ओबीसी सूची में शामिल करने को लेकर प्रदेशव्यापी आंदोलन की रणनीति बनाई जा रही है। इसी कड़ी में पुसौर में समाज की महत्त्वपूर्ण बैठक हुई जिसमें विभिन्न जिलों के प्रतिनिधि शामिल हुए। प्रदेश अध्यक्ष जगनिक यादव ने बताया कि 1 से 14 अगस्त के बीच पूरे राज्य में तहसील, एसडीएम और कलेक्टर कार्यालयों में ज्ञापन सौंपे जाएंगे। पुसौर तहसील में यह कार्यक्रम 5 अगस्त और रायगढ़ एसडीएम कार्यालय में 11 अगस्त को निर्धारित है। जिला उपाध्यक्ष अनिल यादव ने सभी विकासखंडों के प्रतिनिधियों से अपील की कि वे अधिकाधिक संख्या में उपस्थित हों। महासचिव सुनील यादव ने अनुशासन समिति का गठन करते हुए संगठनात्मक एकता पर बल दिया। बैठक में समाज के युवा वर्ग की भागीदारी उल्लेखनीय रही। सभी वक्ताओं ने कहा कि अब समय आ गया है कि रावत समाज को उसका संवैधानिक हक दिलाने की दिशा में निर्णायक कदम उठाया जाए।

### अग्रसेन जनकल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष बने बजरंग

**खरसिया।** श्री अग्रसेन जनकल्याण ट्रस्ट की बैठक में बजरंग अग्रवाल एलआर को सर्वसम्मति से चौथी बार अध्यक्ष चुना गया। बैठक में पिछला आय-व्यय विवरण कोषाध्यक्ष सुल्तानिया ने प्रस्तुत किया जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। संस्था के इतिहास पर नजर डालें तो 1977 में लखीराम अग्रवाल के नेतृत्व में ट्रस्ट की स्थापना हुई थी और 1978 में अग्रसेन भवन का निर्माण हुआ था, जो उस समय पूरे प्रदेश में चर्चा का विषय बना था। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि पुराने अग्रसेन भवन को तोड़कर वहां बेसमेंट में पार्किंग और उसके ऊपर करीब 6000 वर्गफुट का भव्य सभागृह तैयार किया जाएगा। प्रथम तल पर 22 सुविधाजनक कमरे और छत पर सुंदर गार्डन के साथ एक पार्टी स्पेस का निर्माण भी प्रस्तावित है। समाज के जरूरतमंद वर्ग को यह भवन रियायती दर पर दिया जाएगा और सामाजिक आयोजनों हेतु निःशुल्क उपलब्ध रहेगा। बजरंग अग्रवाल के नेतृत्व में पहले तीन कार्यकालों में कन्या विवाह भवन और अग्रसेन भवन में कई विकास कार्य हुए। अब चौथे कार्यकाल में ट्रस्ट द्वारा भवन का कायाकल्प किया जाएगा। जल्द ही नए ट्रस्टी भी बनाए जाएंगे।

### हायर सेकेंडरी में हर कक्षा में लगे सीसीटीवी कैमरे

**पुसौर।** छात्र-छात्राओं की सुरक्षा व अनुशासन सुनिश्चित करने की दिशा में शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल पुसौर ने बड़ी पहल की है। विद्यालय में अब प्रत्येक कक्षा में हाई-रेजोल्यूशन सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। यह कार्य विद्यालय प्रबंधन समिति और वरिष्ठ शिक्षक सौदागर चौहान के सहयोग से पूर्ण हुआ। सीसीटीवी कैमरों का उद्घाटन प्राचार्य अमरबेली केरकेट्टा, बीईओ शैलेष देवांगन और बीआरसी शैलेन्द्र मिश्रा के हाथों हुआ। उन्होंने इसे शिक्षा संस्थानों में पारदर्शिता और सुरक्षा की दिशा में सकारात्मक पहल बताया। पूर्व में एनटीपीसी लारा द्वारा विद्यालय में विभिन्न सुविधाएँ जैसे शौचालय, रूम लाइट, पंखे, स्पोर्ट्स ड्रेस इत्यादि प्रदान की गई थीं। अब इस तकनीकी निगरानी व्यवस्था से अनुशासन, परीक्षा संचालन और अवांछित गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण संभव होगा।

## खरसिया के जनता ने सौंपा हस्ताक्षर वाला ज्ञापन, आंदोलन की चेतावनी

# फाटक नंबर 313 पर जनता का आक्रोश काम शुरू नहीं तो सड़क पर उतरेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरसिया

रेलवे फाटक नंबर 313 पर ओवरब्रिज निर्माण को लेकर खरसिया नगर की जनता अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुकी है। शुक्रवार को नगर के सभी 18 वार्डों के सैकड़ों नागरिकों ने एकजुट होकर एसडीएम कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम ज्ञापन सौंपा।

इस ज्ञापन के साथ नागरिकों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्य प्रारंभ नहीं किया गया, तो सड़क पर उतरकर जनआंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन में बताया गया कि 23 दिसंबर 2021 को तत्कालीन खरसिया विधायक और राज्य के पूर्व मंत्री उमेश पटेल के प्रयासों से रेलवे क्रॉसिंग नंबर 313 पर ओवरब्रिज के निर्माण को प्रशासनिक स्वीकृति मिली थी। इस दौरान कोरोना जैसी वैश्विक महामारी और आर्थिक सुस्ती के बावजूद सरकारी स्तर पर सभी औपचारिकताएं पूरी की गई, सर्वेक्षण हुआ, स्थल चयन हुआ, निविदा आमंत्रित की गई और तकनीकी कारणों से दो बार प्रक्रिया रद्द होने के बाद तीसरी बार फाइनल भी हो गई। लेकिन इसके बाद आचार संहिता लागू हो गई और कार्यादेश जारी नहीं हो सका।

चुनाव बीत चुके हैं, नई सरकार बन गई हैए लेकिन निर्माण कार्य अब तक अधर में लटका है।



### हस्ताक्षर से तैयार ज्ञापन सौंपा

खास बात यह रही कि इस ज्ञापन पर खरसिया के सभी 18 वार्डों के सैकड़ों नागरिकों ने अपने मूल हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें युवाओं, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों, व्यापारियों और सामाजिक संगठनों की भागीदारी रही। यह अब किसी एक पार्टी या नेता की मांग नहीं बल्कि पूरे खरसिया नगर की जनभावना बन चुकी है। ज्ञापन में लिखा गया कि यदि आगामी कुछ सप्ताहों में सरकार की ओर से कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई तो नगर के सभी नागरिक आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण होगाए लेकिन यह सरकार के लिए एक कड़ा संदेश होगा कि जनता को अनदेखा करने की कीमत चुकानी पड़ सकती है।

### क्रॉसिंग पर मरीजों से लेकर छात्र तक परेशान

ज्ञापन में बताया गया कि इस रेलवे फाटक से रोज़ 40 से 45 ट्रेनें गुजरती हैं, जिससे हर दिन औसतन 30 से 40 मिनट तक फाटक बंद रहता है। इससे पूरे शहर की यातायात व्यवस्था चरमरा जाती है। गंभीर मरीजए गर्भवती महिलाएं, एंबुलेंस, स्कूली बच्चे, न्यायालयीन कार्यों में लगे वकील और प्रशासनिक अधिकारी सभी को बार-बार परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार दुर्घटनाएं भी हुई हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला है।

### सरकार ने मुआवजा भी बांटा स्थल भी तैयार, फिर देरी क्यों

ज्ञापन में नागरिकों ने प्रशासन से यह भी सवाल किया कि राज्य सरकार द्वारा सात करोड़ रुपये का मुआवजा पहले ही वितरण किया जा चुका है। भूमि अधिग्रहण का काम भी पूरा हो चुका है। निर्माण स्थल तैयार है, लेकिन निर्माण कार्य शुरू न होना श्राजनीतिक वैमनस्यता या उपेक्षा का संकेत देता है। लोगों का कहना है कि यदि राजनीतिक कारणों से विकास कार्य रोके जा रहे हैं तो यह सीधे.सीधे जनहित की अनदेखी हैए और जनता अब यह बर्दाश्त नहीं करेगी।

# मजदूरों की मौत पर सवाल, स्वास्थ्य और सुरक्षा विभाग जांच के घेरे में

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में हो रहे औद्योगिक विस्तार के साथ-साथ मजदूरों और कर्मचारियों की मौत के मामले भी तेजी से बढ़ रहे हैं। रायगढ़ बचाओ लड़ेंगे रायगढ़ संगठन ने इस गंभीर मुद्दे पर रायगढ़ कलेक्टर को पत्र प्रेषित कर स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग की निष्क्रियता पर सवाल उठाते हुए उपसंचालक मनीष श्रीवास्तव के 10 वर्षों के कार्यकाल की जांच की मांग की है।

संगठन का कहना है कि श्रम विभाग के अंतर्गत कार्यरत स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग का मुख्य काम उद्योगों में सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करना है, लेकिन विभाग के अधिकारी केवल औपचारिक निरीक्षण कर अपनी जिम्मेदारियों से बचते रहे हैं। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि उपसंचालक मनीष श्रीवास्तव ने अपने कार्यकाल में सुरक्षा के मामले में लापरवाही बरती, जिससे हर साल कई मजदूर दुर्घटनाओं में मारे गए हैं। इसके साथ ही श्रीवास्तव पर शासकीय नियमों की अवहेलना करते हुए सहायक ग्रेड.2 को जन सूचना अधिकारी नियुक्त करने और सूचना मांगने वालों को जानबूझकर भ्रामक या अधूरी जानकारी देने के आरोप लगाए गए हैं। इस विषय पर राज्य सूचना आयोग ने भी आपत्ति जताई थी, लेकिन उस पर भी कोई अमल नहीं किया गया।

- सालों से पदस्थ अधिकारी की कार्यशैली पर आरोप, जांच की मांग तेज

संगठन ने बताया कि श्रीवास्तव ने अपने रिश्तेदारों और परिचितों को उद्योगों में नौकरी दिलाई और विभागीय संसाधनों का भी दुरुपयोग किया है। पिछले एक वर्ष में 12 से अधिक मजदूरों की मौत के बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

ज्ञापन की प्रति मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन, विभागीय सचिव और जिले के विधायकों को भी भेजी गई है। संगठन ने मांग की है कि श्रीवास्तव के कार्यकाल की उच्च स्तरीय जांच कर कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में श्रमिकों की अनावश्यक मौतों को रोका जा सके।

# एनएलएम टीम ने 8 पंचायतों में किया योजनाओं का मूल्यांकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

भारत सरकार की निगरानी टीम नेशनल लेवल मॉनिटरिंग (एनएलएम) ने जिले के तीन विकासखंडों लैलूंगा, धरमजयगढ़ और घरघोड़ा में 8 पंचायतों का दौरा कर जनकल्याणकारी योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन का मूल्यांकन किया। यह दौरा 21 जुलाई से 30 जुलाई के मध्य संपन्न हुआ।



एनएलएम विशेषज्ञ राम सागर और जगबीर सिंह ने मनरेगा अंतर्गत चल रहे कार्यों – जैसे तालाब गहरीकरण, सड़क निर्माण और बाढ़ नियंत्रण संरचनाओं की गुणवत्ता का निरीक्षण किया। उन्होंने मजदूरी भुगतान की समयसीमा, कार्यस्थल पर मूलभूत सुविधा जैसे पेयजल व छाया की उपलब्धता की भी जांच की। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में कई हितग्राहियों के आवास अधूरे पाए गए, जिस पर टीम ने जिम्मेदार अधिकारियों को शीघ्र निर्माण पूर्ण कराने के निर्देश दिए। एनआरएलएम योजना के अंतर्गत महिला स्व सहायता समूहों की दक्षता, आयवर्धन गतिविधियाँ, सीआरपी की भूमिका, बैंकिंग सुविधा तक पहुँच आदि की सराहना की गई। टीम ने निरीक्षण के दौरान पाया कि कई पंचायतों में दस्तावेज अद्यतन नहीं किए गए हैं। टीम ने विशेषकर घरघोड़ा विकासखंड के सीईओ की अनुपस्थिति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए विभाग को सख्त चेतावनी दी। इस मूल्यांकन का प्रतिवेदन अब केंद्र सरकार को भेजा जाएगा, जिससे जिले की योजनाओं की रैंकिंग तय होगी।

### गिरधर ने बाबा रामदेव से की भेंट



**खरसिया।** भाजपा के पूर्व प्रदेश महामंत्री गिरधर गुप्ता अपनी धर्मपत्नी सुमित्रा देवी के साथ योग नगरी हरिद्वार में बाबा रामदेव से भेंट कर स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। गुप्ता दंपति योगग्राम और निरामयं जैसे आयुर्वेदिक केंद्रों में ठहरे हुए हैं, जहां योग, पंचकर्म, नेचुरोपैथी और यज्ञ थेरपी के समेकित इलाज की सुविधा उपलब्ध है। गिरधर गुप्ता ने बाबा रामदेव के साथ प्रदेश की राजनीति और स्वास्थ्य विषयों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि इस केंद्र में असाध्य रोगों तक का इलाज संयम और प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति से किया जाता है। यह उनका 10 दिनों का आध्यात्मिक और चिकित्सीय प्रवास है।

# रेडी-टू-ईट आपूर्ति के लिए महिला स्व सहायता समूहों को प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में पोषण सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण को लेकर महिला एवं बाल विकास विभाग और जिला पंचायत रायगढ़ की संयुक्त पहल पर एक नई शुरुआत की गई है। रेडी-टू-ईट खाद्य सामग्री निर्माण व आपूर्ति के लिए चयनित महिला स्व सहायता समूहों को एक दिवसीय तकनीकी प्रशिक्षण जिला पंचायत सभाकक्ष में दिया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समूहों को व्यवसायिक रूप से दक्ष बनाकर उन्हें आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करना है। प्रशिक्षण में जिला पंचायत सीईओ जितेन्द्र यादव ने समूहों को गुणवत्तायुक्त निर्माण, स्वच्छता मानकों, समयबद्ध वितरण और खाद्य सुरक्षा अधिनियम के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण में बताया गया कि बाल विकास परियोजनाओं में रेडी-टू-ईट सामग्री की आवश्यकता निरंतर बनी रहती है, जिसे स्थानीय स्तर पर महिला समूहों के माध्यम से पूरा करने का निर्णय लिया गया है। खाद्य सामग्री के निर्माण में प्रयोग की जाने वाली सामग्रियों की गुणवत्ता, भंडारण पद्धति, पैकिंग तकनीक और वितरण की प्रक्रिया का समूहों को लाइव डेमो सहित अभ्यास कराया गया। अंत्यावसायी विभाग ने बताया कि अनुसूचित जाति, जनजाति व पिछड़ा वर्ग की महिलाएं लघु उद्योग स्थापना हेतु विशेष अनुदान व प्रशिक्षण हेतु आवेदन कर सकती हैं। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास अधिकारी, जिला प्रबंधक (लाइवलीहुड), लीड बैंक अधिकारी, समस्त परियोजना अधिकारी, चयनित समूहों की अध्यक्ष, सचिव व कोषाध्यक्ष बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम जिले में महिला आर्थिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित हो सकता है।



# डाइट धरमजयगढ़ में नवीन पाठ्यपुस्तक प्रशिक्षण



**धरमजयगढ़।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) धरमजयगढ़ में 28 जुलाई से 1 अगस्त तक पांच दिवसीय बीआरजी प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का विषय था, कक्षा छठवीं की नवीन पाठ्यपुस्तक का गहन अध्ययन एवं कक्षा शिक्षण की रणनीतियाँ। प्रशिक्षण प्रभारी अनिल गवेल एवं प्राचार्य अनिल पैंकरा ने प्रथम दिन उद्देश्य स्पष्ट किया। प्रशिक्षण मल्हार, संस्कृत और दीपकम विषयों पर केंद्रित रहा। डीआरजी यज्ञचरण पंडा, प्रकाश शर्मा, दिलेश्वर पटेल, रीना सिंह, गणेशराम भगत जैसे प्रशिक्षकों ने समूह कार्य, परिचर्चा, रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से शिक्षकों को पाठ्यपुस्तक की नवीनता से अवगत कराया। शिक्षकों को आगामी दिनों में अपने-अपने विकासखंड में प्रशिक्षण देना होगा। इस कार्यक्रम में डाइट के अर्चना एक्का, भूषण प्रधान, बृजेश द्विवेदी, अजीत नायक सहित अन्य सदस्यों का सहयोग रहा।

# प्रेमचंद जयंती पर साहित्यिक गोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

स्थानीय जिला ग्रंथालय सभागार में मंगलवार को हिंदी साहित्य के महान कथाकार मुंशी प्रेमचंद की जयंती पर एक विचारगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन बैंकर्स क्लब रिटायर्ड के तत्वावधान में किया गया, जिसमें शहर के साहित्य, कला और समाज सेवा से जुड़े कई गणमान्यजनों ने भाग लिया।



कार्यक्रम की शुरुआत परंपरानुसार मुंशी प्रेमचंद के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि के साथ हुई। इसके बाद एलएन सिंह ने प्रेमचंद के जीवनए संघर्ष और साहित्य पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कैसे नवाब राय से प्रेमचंद और फिर मुंशी प्रेमचंद बनने की यात्रा ने उन्हें हिंदी साहित्य का सबसे बड़ा नाम बना दिया। विशेष रूप से मुंशी शब्द उनके नाम से कैसे जुड़ा, इस प्रसंग ने सभी को चकित कर दिया। इसके बाद प्रगतिशील लेखक संघ से हर्ष सिंह, इप्टा से विवेक तिवारी, भरत निषाद, श्याम भाऊ देवकर, रविन्द्र चौबे, किसान सभा से मदन पटेल और समाजसेवी मुकेश जैन ने बारी.बारी से प्रेमचंद के साहित्यए उनके सामाजिक सरोकारों, किसान, मजदूर, दलित और स्त्री पात्रों पर आधारित कहानियों पर अपने विचार रखे। सभी वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि प्रेमचंद का साहित्य केवल साहित्य नहींए बल्कि समाज का आईना हैए और आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना उनके समय में था। उन्होंने कहा कि हमें प्रेमचंद से प्रेरणा लेकर साहित्य पढ़ने और समझने की आदत को अपनाना चाहिएए क्योंकि इससे सोचने, लिखने और बोलने की शक्ति विकसित होती है। कार्यक्रम में प्रमोद सराफ, निर्मल सिंह, रविन्द्र चौबे, दिनेश श्रीवास्तव, तरुण घोष सहित अन्य कई साहित्यप्रेमी उपस्थित रहे।

### पुलिस ने दी दबिश, 90 बोरी महुआ लहान को किया नष्ट

जांजगीर-चांपा। लावारिस हालत में 90 बोरी महुआ लहान को पुलिस ने नष्ट करने की कार्रवाई की ह। साथ ही 40 नग सिल्वर तबेला की जब्ती बनाई गई है। मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर सूचना पर शिवरीनारायण पुलिस द्वारा 31 जुलाई को मौके पर दबिश दी गई। इस दौरान नाला तरफ मौके पर लावारिस हालात में 90 बोरी महुआ लहान एवं शराब बनाने में उपयोग करने वाला बर्तन को जब्त करने की कार्रवाई की गई। उक्त कार्रवाई के दौरान कोई आरोपी पकड़ में नहीं आया है। उक्त कार्यवाही मे निरीक्षक प्रवीण कुमार द्विवेदी, एएसआई रामप्रसाद बघेल एवं थाना शिवरीनारायण स्टाफ का योगदान रहा।

# पुसौर बीईओ ने निजी स्कूलों की ली बैठक

**पुसौर।** नवपदस्थ खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) शैलेष देवांगन द्वारा पुसौर ब्लॉक के निजी स्कूलों के प्राचार्यों और संचालकों की बैठक बीआरसी कार्यालय में आयोजित की गई। यह बैठक शैक्षणिक गुणवत्ता, प्रशासनिक पारदर्शिता और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बेहद महत्वपूर्ण रही।



बीईओ ने स्पष्ट रूप से कहा कि आरटीई (निःशुल्क व अनिवार्य शिक्षा) के अंतर्गत बच्चों के दाखिले की संख्या, दस्तावेज और उपस्थिति रजिस्टर में किसी भी प्रकार की असमानता न हो। छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज की गई जानकारी सही होनी चाहिए ताकि समय पर राशि स्वीकृत हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि कई स्कूलों द्वारा समय पर पाठ्यपुस्तकों का वितरण नहीं किया गया है, जिससे छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। अब सभी स्कूल अनिवार्य रूप से शासन से प्राप्त पुस्तकों का वितरण सुनिश्चित करेंगे। वाहनों की सुरक्षा को लेकर निर्देश दिए गए कि सभी स्कूल संचालक वाहन में सुरक्षा मानकों – जैसे फर्स्ट ऐड बॉक्स, अग्निशमन यंत्र, चालक का लाइसेंस और सीटिंग क्षमता का पूर्ण पालन करें। इसके अलावा बीईओ ने स्कूल भवनों की फिजिकल स्थिति, कक्षाओं की संख्या, शिक्षक नियुक्ति और लाइब्रेरी की उपलब्धता की भी जानकारी ली।




## एनटीपीसी लारा ने आठ गांवों के कलाकारों को बांटे पारंपरिक वाद्य यंत्र

# लोक संस्कृति के संकीर्तन को नया संबल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

संकीर्तन की परंपरा को पुनर्जीवित करने और ग्रामीण सांस्कृतिक पहचान को सशक्त बनाने के उद्देश्य से एनटीपीसी लारा ने शुक्रवार को आठ सहयोगी गांवों के लोक कलाकारों को पारंपरिक वाद्य यंत्र वितरित किए। मृदंगए मंजीरा और झांझर जैसे वाद्य यंत्रों के माध्यम से इस कार्यक्रम ने संकीर्तन को नये रंग और ऊर्जा से सराबोर कर दिया।

इस आयोजन में एनटीपीसी लारा के कार्यकारी निदेशक अनिल कुमार, परियोजना प्रमुख रविशंकरए सहायक महाप्रबंधक मानव संसाधन जाकिर खान, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीणों की बड़ी संख्या में सहभागिता रही। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण में से एक रहा 17 लोक सांस्कृतिक मंडलियों को पारंपरिक वाद्य यंत्रों का वितरण। इन वाद्य यंत्रों को कलाकारों तक पहुंचाकर न केवल सांस्कृतिक परंपरा को मजबूती दी गई, बल्कि पीढ़ियों से चली आ रही लोक साधना को सम्मान भी दिया गया।




### ग्रामीणों ने जताया आभार

इस पहल को लेकर ग्रामीणों ने हार्दिक स्वागत करते हुए कहा कि वर्षों बाद उन्हें ऐसा अवसर मिला है जब उनकी संस्कृति को मंच और सम्मान दोनों मिला। यह उनके आत्मविश्वास और सामूहिक भावना को और भी मजबूत करेगा। यह परंपरा समुदाय को जोड़ती है भक्तिभाव को जगाती है और आत्मीयता को गहराती है। ऐसे में इस पहल ने न केवल वाद्य यंत्र बांटे, बल्कि लोगों को जोड़ा।

### एनटीपीसी ने निभाई सांस्कृतिक जिम्मेदारी

अनिल कुमार ने अपने संबोधन में कहा तेजी से बदलती दुनिया में अपनी जड़ों से जुड़ना अत्यंत आवश्यक है। एनटीपीसी का उद्देश्य केवल बिजली उत्पादन नहीं, बल्कि अपने आसपास के समाज की सांस्कृतिक आत्मा को भी जीवित और जाग्रत रखना है। उन्होंने बताया कि एनटीपीसी लारा सामाजिक विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और संस्कृति के क्षेत्र में लगातार काम कर रहा है और यह आयोजन उसी श्रृंखला की एक मजबूत कड़ी है।